

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
बिहार लोक भवन, पटना–800022

## <u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

*संख्या–**180/2026***

### सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया में सुधार के लिए बिहार लोक भवन ने बनाई उच्चस्तरीय समिति

**पटना 12 सितम्बर, 2026** :– सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया में सुधार के लिए बिहार लोक भवन ने एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। यह समिति राज्य के विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति की मौजूदा व्यवस्था की समीक्षा करेगी और इसमें जरूरी सुधार के सुझाव देगी।

यह समिति 24 अगस्त, 2026 को माननीय राज्यपाल एवं 'ऑल पीएच.डी. होल्डर्स एंड रिसर्च एसोसिएशन' के बैनर तले अनशन कर रहे छात्रों के बीच हुए समझौते के तहत बनाई गई है।

समिति में भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त पदाधिकारी श्री अमरजीत सिन्हा एवं श्री संजय कुमार तथा पद्मश्री प्रो. एच. सी. वर्मा और डॉ. पी. के. रॉय शामिल हैं। राज्यपाल सचिवालय में अपर सचिव (विश्वविद्यालय) श्री संजय कुमार समिति के सदस्य सचिव होंगे।

समिति सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं की समीक्षा करेगी। इनमें आयु सीमा, शैक्षणिक योग्यता और पात्रता, परीक्षा और साक्षात्कार का तरीका, अलग–अलग मानकों (Parameters) को दिए जाने सापेक्षिक महत्व, अतिथि प्राध्यापकों से जुड़े मामले और अन्य संबंधित मुद्दे शामिल हैं।

समिति निष्कर्षों एवं विशिष्ट तथा क्रियान्वयन योग्य अनुशंसाओं सहित अपनी रिपोर्ट, अधिसूचना जारी होने की तारीख से 90 दिनों के भीतर बिहार लोक भवन को सौंपेगी।

................................